भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. 2243
सोमवार, 08 मार्च, 2021/17 फाल्गुन, 1942 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

पर्यटन के पुनरुद्धार हेतु वित्तीय पैकेज

2243. श्री किशन कपूर:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का विचार कोरोना वायरस महामारी से सर्वाधिक प्रभावित हुए पर्यटन क्षेत्र के पुनरुद्धार हेतु राज्यों को कोई विशेष वित्तीय पैकेज देने की कोई घोषणा करने का है; और

(ख) यदि हां, तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

उत्तर

पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री प्रहलाद सिंह पटेल)

(क) और (ख): राज्य सरकारों तथा उद्योग हितधारकों से प्राप्त वित्तीय राहत संबंधी अभ्यावेदन आर्थिक कार्य विभाग, वित्त मंत्रालय के समक्ष प्रस्तुत किए गए हैं।

अद्यतन स्थिति के अनुसार वित्त मंत्रालय ने पर्यटन क्षेत्र की बहाली के लिए राज्यों को विशेष वित्तीय पैकेज दिए जाने के संबंध में कोई घोषणा नहीं की है।

****